एसपी बंगले के सामने बदमाशों का आतंक

घर के बाहर खड़ी चार कारों में पथराव कर तोड़फोड़, पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद, पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

सागर 19 मई. कैंट थाना क्षेत्र में बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया. एसपी बंगले के सामने रहने वाले एक परिवार के घर के बाहर खड़ी चार कारों में पथराव कर तोड़फोड़ कर दी गई. घटना से इलाके में दहशत फैल गई. पूरी वारदात आसपास लगे निगरानी कैमरों में कैद हो गई है. पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी जीशान खान निवासी 51 केंट अपने परिवार के साथ पीलीकोठी वाले बाबा का उर्स देखकर सोमवार रात घर लौट रहे थे. रात करीब पांच बजे जब परिवार घर पहुंचा, तब बाहर पहले से नोमान अपने साथियों मुन्नू उर्फ इमरान, एहशान खान, राहिल और समीर के साथ खड़ा मिला. विरोध करने पर शुरू किया हमला फरियादी के मुताबिक आरोपियों ने आते ही अभद्र भाषा का इस्तेमाल शुरू कर दिया, जब परिवार ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया. आरोप है कि नोमान ने पहले झूमाझटकी की और उसके बाद सभी आरोपी उग्र हो गए. देखते ही देखते आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी कारों पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिए.

प्राप्त जानकारी के अनुसार हमले में चार कारों के शीशे टूट गए और वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा. अचानक हुई इस घटना से आसपास के लोग सहम गए. बदमाशों की पूरी हरकत आसपास लगे निगरानी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई. फुटेज में आरोपी पत्थर फेंकते और वाहनों में तोड़फोड़ करते साफ दिखाई दे रहे हैं. घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए. वीडियो सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई और मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी गई. पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान और तलाश में जुटी है कैंट थाना पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर नोमान, मुन्नू उर्फ इमरान खान, एहशान खान, राहिल और समीर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. नगर पुलिस अधीक्षक ललित कश्यप ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं. उन्होंने कहा कि घटना में चाकूबाजी की बात भी सामने आई है, जिसकी गंभीरता से जांच की जा रही है. पुलिस का कहना है कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कई आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड भी है.

मंदिर खुदाई के दौरान मिले चांदी के प्राचीन सिक्के

नवभारत न्यूज

शाहगढ़ 19 मई. ग्राम मुड़ारी में ठाकुर बब्बा मंदिर परिसर में चल रही जमीन की खुदाई के दौरान चांदी के प्राचीन सिक्के निकल आए. सिक्के मिलने की खबर गांव में तेजी से फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई. सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को नियंत्रण में ले लिया.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंदिर परिसर में निर्माण कार्य के लिए खुदाई कराई जा रही थी. इसी दौरान एक ग्रामीण को जमीन के भीतर से चांदी के कुछ पुराने सिक्के मिले. सिक्कों पर विशेष प्रकार के चिन्ह और आकृतियां अंकित पाई गई हैं, जिन्हें देखकर इनके ऐतिहासिक महत्व का अनुमान लगाया जा रहा है. प्रारंभिक जानकारी के आधार पर यह संभावना जताई जा रही है कि ये सिक्के वर्ष 1837 से 1901 के शासनकाल के दौरान प्रचलन में रहे होंगे. एसडीएम नवीन ठाकुर, एसडीओपी प्रदीप वाल्मीकि, तहसीलदार विजयकांत त्रिपाठी सहित पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची. अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और बरामद सिक्कों को प्रशासनिक कब्जे में लेकर सुरक्षित रखवा दिया. एसडीएम नवीन ठाकुर ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कराई जा रही है. उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ एवं संबंधित टीम सिक्कों की प्रामाणिकता और ऐतिहासिक महत्व का परीक्षण करेगी. जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी. मुडारी गांव में प्राचीन सिक्कों की बरामदगी के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है. ग्रामीण इसे ऐतिहासिक धरोहर मान रहे हैं, वहीं प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है. अधिकारियों का कहना है कि विशेषज्ञों की सहायता से यह पता लगाया जाएगा कि सिक्के किस कालखंड के हैं.

अवैध देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, मोटर साइकिल हुई जप्त

नवभारत न्यूज

सागर 19 मई. जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना देवरी पुलिस ने सफलता हासिल की है.

थाना देवरी पुलिस ने अवैध शराब परिवहन करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में देशी शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त की है. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक मोटरसाइकिल पर अवैध देशी शराब लेकर देवरी की ओर आने वाला है. पुलिस टीम ने फोर लाइन कांसखेड़ा तिराहा मलेह रोड पर घेराबंदी कर वाहन चेकिंग शुरू की. घेराबंदी के दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध युवक को मोटरसाइकिल सहित रोककर उसकी तलाशी ली. आरोपी ने नाम सिद्धार्थ राजपूत निवासी ग्राम जैतपुर बताया. तलाशी के दौरान आरोपी की मोटरसाइकिल स्प्लेंडर पर रखे दो थैलों से 320 पाव देशी शराब बरामद की गई.

छात्रों की सफलता

सागर. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के औषधि विज्ञान विभाग के 28 विद्यार्थियों ने जीपेट एवं गेट-एक्सएल/बीटी 2026 परीक्षा में सफलता प्राप्त की है. विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अखिल भारतीय रैंक प्राप्त कर उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में प्रतिभा का परिचय दिया है जीपेट-2026 परीक्षा में विभाग के 20 विद्यार्थियों ने प्रदर्शन किया. इनमें अजय प्रताप लोधी,सौरभ हजारी, महेश पटेल, वसुधा अरोरा, करण श्रीवास्तव, अंशिका मिश्रा, सृष्टि द्विवेदी, शोभित सिंह, आयुष झा तथा अमन तिवारी प्रमुख रूप से शामिल हैं.

जनभागीदारी कर्मचारियों ने लगाई गुहार

नवभारत न्यूज

सागर 19 मई. शासकीय कन्या उत्कृष्ट महाविद्यालय के जनभागीदारी कर्मचारियों ने विधायक शैलेंद्र कुमार जैन के निवास पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा. कर्मचारियों ने महाविद्यालय प्रशासन द्वारा उन्हें आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में विनियमित किए जाने की प्रक्रिया पर शंका और चिंता व्यक्त की.

कर्मचारियों का कहना था कि प्रस्तावित प्रक्रिया से उनके वर्तमान कार्य और भविष्य की सेवा शर्तों पर प्रभाव पड़ सकता है. उन्होंने विधायक जैन से इस विषय में हस्तक्षेप कर उचित समाधान कराने का आग्रह किया. इस संबंध में विधायक श्री जैन ने दूरभाष पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी से चर्चा कर स्थिति की जानकारी ली. विधायक जैन ने कहा कि कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए संवेदनशीलता के साथ निर्णय लिया जाना चाहिए तथा कर्मचारी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए. इस दौरान जनभागीदारी कर्मचारी उपस्थित रहे.

स्वच्छता व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त बनाया जा रहा है

नवभारत न्यूज

सागर 19 मई. स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण की दृष्टि से स्वच्छता का एक भी पहलु नहीं छूटना चाहिए, निगमकर्मी हों या नागरिक हम सभी का एक ही प्रयास हो की सागर को स्वच्छता में नंबर-1 बनाना है.

उक्त प्रेरक शब्दों को निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री ने कटरा बाजार का निरीक्षण के दौरान उपस्थित जनसमूह से कहे. निगमायुक्त निगम सफाईमित्रों की टीम सहित अचानक कटरा बाजार के तीनबत्ती क्षेत्र में पहुँचे और सफाई व्यवस्था को बारीकी से परखा. उन्होंने म्युनिसिपल स्कूल के आसपास लगीं खानपान की दुकानों, चाट ठेलों, गन्ने के रस विक्रेता, आइसक्रीम विक्रेताओं का निरीक्षण किया गंदगी पाये जाने पर तत्काल उक्त दुकानदार से स्वयं सफाई कराई और कचरा डस्टबिन में भरवाकर कचरागाड़ी में डलवाया, चालानी कार्यवाही कर जुर्माना कराया गया.

खरीद केंद्रों में किसानों के साथ अनियमितताएं

नवभारत न्यूज

गौरझामर 19 मई. सरकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना और मसूर की खरीद केंद्रों पर किसानों के शोषण की गंभीर शिकायतें सामने आई हैं. किसानों का आरोप है कि केंद्र प्रभारी और संबंधित एजेंसियां मिलकर उनके साथ धोखाधड़ी कर रही हैं, जिससे वे एमएसपी का पूरा लाभ नहीं ले पा रहे हैं.

किसानों के अनुसार, खरीद केंद्रों पर 51 किलो 600 ग्राम की भारती ली जा रही है. सामान्यत: 50 किलो की बोरी मानी जाती है, लेकिन यहां अतिरिक्त वजन वसूला जा रहा है. इसके अलावा 200 प्रति बोरी पलिंदरी के नाम पर अलग से लिया जा रहा है. कई किसान बताते हैं कि यह राशि जबरन वसूली जा रही है और बिना दिए बोरी स्वीकार नहीं की जाती. सबसे गंभीर आरोप केंद्र प्रभारी पर है. किसानों का कहना है कि चना और मसूर में जानबूझकर मिट्टी मिलाई जा रही है ताकि गुणवत्ता खराब दिखाई जा सके और किसानों को कम दाम या खारिजगी का सामना करना पड़े. एक किसान ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, हम अपनी मेहनत से उगाई फसल लाते हैं, लेकिन केंद्र पर मिट्टी मिलाकर नमूना खराब कर दिया जाता है. किसान संगठनों ने जांच की मांग की है। किसानों के पंजीयन पर व्यापारियों का चना मसूर खरीद कर रखा जा रहा, अनियमितताओं का सामना कर रहे हैं. एसडीएम मुनव्वर खान ने कहा चरगुआ समिति की जांच कराई जाएगी उसके बाद कार्यवाही की जाएगी.

विभाग की कार्रवाई

सागर. आबकारी विभाग द्वारा सतत जांच एवं प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है. वृत्त आंतरिक एवं उत्तर प्रभारी सियाराम चौधरी द्वारा कंपोजिट मदिरा दुकान कटरा, गुजराती बाजार, गुरु गोविंद एवं वल्लभ नगर की चेकिंग कर अवैध अहातों की जांच कार्यवाही की गई. वहीं वृत्त दक्षिण एवं वृत्त बंडा प्रभारी श्रीमती रोशनी उरेती द्वारा कंपोजिट मदिरा दुकान मकरोनिया की जांच की गई. मकरोनिया स्टेशन के समीप अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 2 प्रकरण कायम किए गए. इसके अतिरिक्त वृत्त बंडा क्षेत्र में भी 1 प्रकरण कायम किया, विभाग द्वारा अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा.

रक्तदान शिविर में 2221 यूनिट ब्लड एकत्रित

नवभारत न्यूज

सागर 19 मई. पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के जन्मदिन पर आयोजित चार दिवसीय रक्तदान शिविर में पिछले वर्ष का रिकार्ड तोड़ते कुल 2221 यूनिट ब्लड डोनेशन हुआ.

अविराज सिंह के जन्मदिन पर एकत्रित यूनिट ब्लड को भी जोड़ें तो इस 12 वर्षीय आयोजन के माध्यम से कुल 15903 यूनिट रक्त सरकारी अस्पतालों को सौंपा जा चुका है. यह रक्तदान शिविर की विशालता इससे समझी जा सकती है कि सागर जिला ब्लडबैंक में जगह नहीं होने पर यहां एकत्रित हो रहा ब्लड संग्रहीत करने सागर संभाग के छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना, दमोह, सागर, विदिशा जिलों के शासकीय जिला चिकित्सालयों के ब्लड बैंकों के साथ साथ भोपाल हमीदिया अस्पताल और गांधी मेडीकल कालेज के ब्लडबैंकों की टीमें सागर में रक्तदान शिविर स्थल होटल ग्रैंड दीपाली के सिग्नेचर हाल पहुंचीं. इन सभी को ब्लड कलेक्शन सौंपते हुए पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने रक्त की थैलियों को श्रद्धा से प्रमाण कर रक्तदाताओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट की. उन्होंने मंच से जिला अस्पताल के ब्लडबैंक को बुंदेलखंड मेडीकल कालेज के लिए हस्तांतरित किए जाने संबंधी स्वास्थ्य विभाग का आदेश जारी होने की सूचना दी और कहा कि कुछ समय में यह ब्लड बैंक उन्नयन होकर बीएमसी में अत्याधुनिक सुविधाओं सहित 5000 की क्षमता के साथ संचालित होगा. चार दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर के समापन दिवस का शुभारंभ महंत केशव गिरि महाराज, गुरुद्वारा सागर के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी गुरबचन सिंह और दिगंबर जैन समाज के राजकुमार शास्त्री की उपस्थिति में हुआ. संत केशव महाराज ने कहा कि समाज में अनेक प्रकार के दान बताए गए हैं, लेकिन रक्तदान ऐसा दान है, जो सीधे किसी व्यक्ति के जीवन की रक्षा करता है. इस चार दिवसीय रक्तदान शिविर में संग्रहीत हुए 2221 यूनिट रक्त निधि को सागर जिला चिकित्सालय ब्लडबैंक के अलावा, पन्ना, छतरपुर, दमोह, टीकमगढ़ तथा विदिशा के जिला अस्पतालों को सौंपा गया है. इसके अलावा भोपाल की हमीदिया अस्पताल और गांधी मेडीकल कालेज के संयुक्त ब्लडबैंक की टीम ने भी बड़ी मात्रा में रक्त संग्रहीत किया है.

जनगणना कार्य पूर्ण

गौरझामर. केसली में जनगणना कार्य निर्धारित समय से पूर्व पूर्ण होने पर सम्मान एवं समीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर अधिकारियों ने जनगणना कार्य में संलग्न प्रगणकों, सुपरवाइजरों एवं समस्त सहयोगी कर्मचारियों की सराहना की. अधिकारियों ने कहा कि सभी कर्मचारियों के समर्पण, जिम्मेदारी एवं उत्कृष्ट कार्यशैली के कारण जनगणना कार्य निर्धारित समय से पूर्व सफलतापूर्वक पूर्ण हो सका. इस दौरान मनोज जैन, अवधेश सोनी, देवीसिंह केवट, राजेश जैन, बसंत अहिरवार, शरद खरे,माणकलाल मेहरा का योगदान रहा.

फर्जी दुल्हन बनकर करती थी शादी

नवभारत न्यूज

ललितपुर 19 मई.बार थाना पुलिस ने एक ऐसे शातिर अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो शादी के नाम पर लोगों को अपना शिकार बनाता था.

गिरोह की महिलाएं पहले खुद को कुंवारी बताकर युवकों से शादी करती थीं, फिर शादी के कुछ दिन बाद परिवार को खाने में नशीला पदार्थ खिलाकर लाखों रुपये के जेवर और नकदी लेकर फरार हो जाती थीं. इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने गिरोह के 8 सदस्यों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से नकदी, जेवरात और मोबाइल फोन सहित करीब 5 लाख रुपये का सामान बरामद किया गया है. पूरे ऑपरेशन को पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में अंजाम दिया गया. कार्रवाई एएसपी कालू सिंह और सीओ तालबेहट आशीष मिश्र की निगरानी में थाना बार पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई. पुलिस के अनुसार थाना बार क्षेत्र निवासी रहीश लोधी की शादी नहीं हो पा रही थी. इसी का फायदा उठाकर गिरोह के सदस्य उसके संपर्क में आए। आरोपियों ने शादी कराने का भरोसा दिलाया और अपनी ही गैंग की महिला सदस्य पूजा गौतम को रागिनी नाम बताकर रहीश से मिलवाया. ललितपुर कचहरी में फर्जी आधार कार्ड और कूटरचित दस्तावेजों के जरिए दोनों की शादी करा दी गई. शादी के बाद महिला रहीश के गांव मरौली, थाना बार पहुंच गई और परिवार के साथ रहने लगी. पुलिस के मुताबिक आरोपी महिला ने योजनाबद्ध तरीके से परिवार के भोजन में नशीला पदार्थ मिला दिया. खाना खाते ही परिवार के लोग बेहोश हो गए. आरोपी महिला घर में रखी ज्वैलरी, नकदी और कीमती सामान समेटकर बाहर निकली, जहां पहले से मौजूद गिरोह के सदस्य उसे लेकर फरार हो गए.